प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.06.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

झारखंड सहित देश के दस राज्यों की चौबीस राज्यसभा सीटों के द्विवार्षिक चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी हो गई है। इसके साथ ही नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो आठ जून तक चलेगी। इन सीटों पर अट्ठारह जून को मतदान और मतगणना होगी।

****

झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री औरं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी पूर्वी सिंहभूम जिले के संगठनात्मक कार्यक्रम में भाग लेने जमशेदपुर पहुंचे। उन्होंने संगठनात्मक कार्यक्रम को लेकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ विचार–विमर्श किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान बाबूलाल मरांडी ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेताओं के साथ हुई कथित मारपीट की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तथ्यों की जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिए। श्री मरांडी ने कहा कि हर घटना को राजनीतिक रंग देना उचित नहीं है।

****

धनबाद जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र में एक युवक को गोली मारने की घटना सामने आयी है। घटना के बाद हमलावर उसकी बाइक लेकर फरार हो गए.। घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, पुलिस की शुरुआती जांच में मामला संदिग्ध नजर आ रहा है और इसके तार कोयला खनन क्षेत्र में वर्चस्व की लड़ाई से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है।

****

रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने ऑपरेशन 'नारकोस' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा की बड़ी खेप के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने बरामद सामग्री और आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी रांची को सौंप दिया है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज जमशेदपुर के बारीडीह स्थित मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर कॉलेज के '132 एमबीबीएस छात्रों' को डिग्री प्रदान की गई। अपने संबोधन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों का उल्लेख करते हुए 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई चिकित्सा तकनीकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने छात्रों से तकनीकी नवाचारों को अपनाते हुए मरीजों की बेहतर सेवा करने का आह्वान किया।

****

हजारीबाग जिले में सेंटर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स द्वारा नशामुक्ति और डायन–बिसाही कुप्रथा के विरुद्ध नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों तथा अंधविश्वास के

खिलाफ जागरूक किया गया। कलाकारों ने संदेश दिया कि शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और सामाजिक एकता के माध्यम से ही ऐसी कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है

****

धनबाद के कोहिनूर मैदान में बने वेयर हाउस के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक एप्रोच रोड बनाया जा रहा है। इस सड़क को कोर्ट रोड से जोड़ा जायेगा ताकि वेयर हाउस आनेवाले ट्रको के परिचालन में कोई परेशानी नहीं हो। अब इस रोड के बनने से कई अधिवक्ताओं के बैठने की समस्या उत्पन्न हो गई है. इसे लेकर धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ता गण एसडीएम से वार्ता करने पहुंचे. वार्ता के बाद अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी ने बताया कि समाधान पर सहमति बनी है ।

****

विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के पहले दिन आज साहिबगंज वन प्रमंडल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग समेत दर्जनों वन्यकर्मियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। डीएफओ प्रबल गर्ग ने बताया कि रक्तदान आक्सीडेंट और थैलीसीमिया के मरीजों के जीवन रक्षा में अहम भूमिका निभाता है। वही सिविल सर्जन रामदेव पासवान ने रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता पर बल दिया।

********समाप्त********